बरेली, शनिवार
12 अप्रैल, 2025

नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

# दैनिक जागरण

PAGE NO :IV TOP

### डीपीएस के 152 रन के जवाब में बेदी के बल्लेबाजों ने आठ विकेट खोकर 116 रन ही बनाए

# डीपीएस और नेशनल पब्लिक स्कूल की रोमांचक जीत

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के तीसरे दिन शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल ने बेदी इंटरनेशनल स्कूल को 36 रन से हराया। दूसरे मैच में अंतिम ओवर तक चले रोमांचक दूसरे मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल ने आदर्श निकेतन स्कूल को एक विकेट से पराजित किया।

सीईटी स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में डीपीएस के कप्तान आर्यन ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट खोकर 152 रन बनाए। इसमें आदर्श कुशवाहा ने 67 रन, सागर प्रताप ने 19 रन और शब्द ज्ञान ने 23 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेदी इंटरनेशनल की टीम बीस ओवर में आठ विकेट पर 116 रन ही बना सकी। डीपीएस ने 36 रन से मैच जीत लिया। 47 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 67 रन की आक्रामक पारी खेलने वाले डीपीएस के आदर्श कुशवाहा को मैन आफ द मैच चुना गया।



एसआरएमएस में बल्लेबाज को स्टंप आउट करते विकेटकीपर • सौ. आयोजक

**टूर्नामेंट में आज के मैच**

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को ग्रुप ए में सुबह आठ बजे मिशन एकेडमी और राधा माधव स्कूल के बीच मैच होगा। ग्रुप बी में दोपहर बारह बजे से सोफीतीस पब्लिक स्कूल बनाम विश्व वर्ल्ड स्कूल के बीच खेला होगा।

दूसरे मैच में आदर्श निकेतन स्कूल के कप्तान सूरज पाल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। आदर्श निकेतन की पूरी टीम 18 ओवर में 112 रन पर ढेर हो गई। आदर्श की ओर से पुष्पेंद्र ने 16 रन, कप्तान सूरज पाल ने 20 रन और साथ ने 13 रन का योगदान दिया। 112 रन का पीछा करने उतरी नेशनल पब्लिक स्कूल के बल्लेबाज भी कसौटी पर खरे नहीं उतरे लेकिन जीत नेशनल पब्लिक स्कूल के नाम रही और उसने अंतिम विकेट गिरने से पहले 19.1 ओवर में जीत के लिए 113 रन का स्कोर हासिल किया। दो खिलाड़ियों को आउट करने वाले नेशनल पब्लिक स्कूल के गेंदबाज विवेक को मैन आफ द मैच चुना गया।